टी बोर्ड भारत Tea Board India
14, बी.टी.एम सरणी (ब्रेबोर्न रोड) कोलकाता 700001
14, B.T.M Sarani (Brabourne Road) Kolkata 700 001
www.teaboard.gov.in

P.O. Box No : 2172 :::::::::::::::::: STD Code : 033 ::::::::::::::: Tel.No : 2235-1331

संदर्भ सं.: 25(29)/सचि/2019/पी-I 755 दिनांकित: 6/3 सितम्बर, 2021

## परिपत्र

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 25 अगस्त, 2021 के पत्र संख्या ए-42011/34/207-ई-3-डीओसी के क्रम में "वाणिज्य विभाग के सार्वजनिक उपक्रमों/ के संगठन , संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में एकल प्लास्टिक वस्तुओं को कम करने/उन्मूलन के लिए कार्य योजना" के संबंध में, एकल उपयोग प्लास्टिक को खत्म करने के लिए निम्नलिखित कार्य योजना अपनाई जाएगी ;

1. बैठकों, सम्मेलनों और बोर्ड की बैठकों आदि में प्लास्टिक के पानी की बोतलों का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसके बजाय आर.ओ. शुद्ध पानी गिलासों में परोसा जाएगा।
2. एक बार प्रयोग योग्य प्लास्टिक कप/ग्लास का उपयोग नहीं किया जाएगा, इसके बजाय कप और तश्तरी में चाय परोसी जाएगी।
3. सिंगल यूज पेन को उन पेन से बदला जाएगा जिन्हें कार्ट्रिज से रिफिल किया जा सकता है।
4. बैठक एवं अन्य उद्देश्यों के लिए बैनर, पोस्टर डिस्पोज़ेबल सामग्री अधिमानतः कपड़े से बनाए जाएंगे।
5. प्लास्टिक से बने पैकेटों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए एवं इसके स्थान पर डिस्पोजेबल बैग / कार्टन के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए।
6. डिस्पोज़ेबल सामग्री से बने पोस्टर सभी कार्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे, जिसमें लिखा होगा कि **"यह कार्यालय सिंगल यूज़ प्लास्टिक से मुक्त है"।**

तदनुसार, सभी संबंधितों से एतद्द्वारा अनुरोध किया जाता है कि सामग्री को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी अधीनस्थों को सूचित किया जाए।

(डॉ. ऋषिकेश राय)
सचिव प्रभारी

वितरणः

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष | इस परिपत्र की सामग्री को अपने अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों के ज्ञान में लाने के अनुरोध के साथ। |
| 2 | कार्यपालक निदेशक, टी बोर्ड गुवाहाटी, | |
| 3 | कार्यपालक निदेशक, टी बोर्ड कून्नूर | |
| 4 | सभी क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय कार्यालय | |
| 5 | उपाध्यक्ष के सचिव | कृपया सूचना हेतु |
| 6 | वि.स एवं मु.ले.अ. के नि.सह | |
| 7 | संपदा अधिकारी | सूचना पट्ट पर प्रदर्शन हेतु |
| 8 | आईटी कक्ष | टी बोर्ड के वेबसाइट पर अपलोड हेतु |
| 9 | स्थापना शाखा(अतिरिक्त प्रतियों के लिए) | |

*चाय पियो मस्त जियो !*